MINISTRY OF HEALTH
MANATŪ HAUORA

# HPV टीका

(ह्यूमन पैपिलोमावायरस टीका)

## HPV संक्रमण के कारण हुए कैंसरों से बचाव में सहायता करता है

## अभिभावकीय सहमतिपत्र

कृपया हस्ताक्षर करके इस फार्म को स्कूल में वापिस भेज दें।



immunise
their best protection

HINDI | TRADITIONAL CHINESE | SIMPLIFIED CHINESE | COOK ISLANDS MAORI | SAMOAN | TONGAN | MĀORI | ENGLISH

# HPV टीकाकरण अभिभावकीय सहमतिपत्र

**ह्यूमन पैपिलोमावायरस से होने वाले ऐसे नौ प्रकार के संक्रमणों जिनसे जीवन में बाद में कई तरह के कैंसर होने की संभावना होती है, उनसे सुरक्षा के लिए 8 वीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल में मुफ्त टीका लगाया जा रहा है।**

यह फार्म आपको HPV टीके के बारे में जानकारी प्रदान करता है, और इसमें आपसे स्कूल में आपके बच्चे को टीका लगाने के लिए आपकी अनुमति की माँग की गई है।

## HPV क्या है?

HPV सामान्य वायरस होता है जो कि त्वचा से त्वचा के करीबी संपर्क के माध्यम से फैलता है। टीकाकरण के बिना, अधिकांश लोगों को उनके जीवन के किसी भी समय में HPV संक्रमण हो सकता है। अधिकांश HPV संक्रमण अपने आप ठीक हो जाते हैं और कोई निश्चित लक्षण नहीं दिखाते हैं। लेकिन कुछ HPV संक्रमण ठीक नहीं होते हैं और यदि उनका इलाज नहीं किया जाए, तो उनसे गंभीर बीमारी हो सकती है, जिसके कारण कई वर्षों बाद कैंसर हो सकता है।

कुछ प्रकार के HPV से अन्य की तुलना में कैंसर होने की संभावना अधिक होती है जबकि अन्य प्रकार के HPV से मस्से हो जाते हैं। जिन सात प्रकार के HPV से कैंसर होता है और दो प्रकार के HPV से अधिकांश यौनांग में मस्से होते हैं, उन्हें टीकाकरण से रोका जा सकता है।

## HPV से होने वाले कैंसर

HPV से होने वाले कैंसर पुरुष और महिलाओं दोनों के प्रभावित करते हैं। HPV से शरीर के विभिन्न हिस्सों में कैंसर हो सकता है, विशेषकर यौनांग क्षेत्र, गले या मूँह में। सबसे आम ग्रीवा कैंसर होता है, जो कि गर्भाशय या गर्भ के निचले हिस्से का कैंसर होता है। न्यूज़ीलैंड में हर वर्ष, लगभग 160 महिलाओं में ग्रीवा कैंसर पाया जाता है और लगभग 50 महिलाओं की इससे मृत्यु हो जाती।

## यह टीका क्या है और यह कैसे काम करता है?

HPV टीके को Gardasil® 9 कहते हैं। यह नौ प्रकार के HPV से सुरक्षा देता है– सात जिनसे कैंसर होता है और दो जिनसे मस्से होते हैं। टीका शरीर में HPV से लड़ने वाले एंटीबॉडीज़ बनाता है। यदि कोई टीकाकृत व्यक्ति HPV के संपर्क में आता है, तो उनके रक्त में मौजूद एंटीबॉडीज़ वायरस से लड़ेंगे और संक्रमित होने से उनकी रक्षा करेंगे। आमतौर पर टीकाकरण के कई सप्ताह बाद HPV से सुरक्षा विकसित होती है।

टीके से HPV संक्रमण या कैंसर नहीं हो सकता।

## HPV टीका कितनी अच्छी तरह कार्य करता है?

**अपने बच्चे का समय पर HPV के लिए टीकाकरण करानेसे कई कैंसर से उन्हें सुरक्षित रखने में मदद मिलती है**

यह टीका उन नौ प्रकार के HPV से संक्रमण को रोकने में बहुत प्रभावी होता है जो HPV से होने वाले कैंसर में से लगभग 90 प्रतिशत कैंसर का कारण होता है। सुरक्षा के लंबे समय तक बने रहने की संभावना है। अध्ययनों में, जिन लोगों ने टीका लगवाया है, लगभग वे सभी HPV संक्रमण और बीमारी से सुरक्षित थे।

पिछले 11 वर्षों में, न्यूज़ीलैंड सहित HPV टीकाकरण देने वाले देशों में युवा लोगों में उल्लेखनीय रूप से HPV संक्रमण और बीमारी की संख्या में गिरावट हुई है।

इस टीके के सबसे अधिक प्रभावशाली होने के लिए, यह जरूरी है कि लोगों के HPV से संपर्क में आने से पहले उन्हें टीका लगा दिया जाए, जिसका मतलब है उनके यौन सम्बन्धों के शुरू करने की संभावना से पहले ऐसा किया जाए।

साथ ही लोगों को उनकी उम्र के अनुसार अनुशंसित संख्या में सभी टीके लगवा लेने चाहिए। युवा लोगों को सुरक्षित रहने के लिए टीके की कम खुराक (तीन की बजाय दो) की आवश्यकता होती है क्योंकि वृद्ध लोगों की तुलना में टीका उनपर बेहतर कार्य करता है।

## टीकाकरण कितना सुरक्षित है?

HPV टीका का उत्कृष्ट सुरक्षा रिकॉर्ड है। पिछले 11 वर्षों में 100 मिलियन से अधिक HPV टीके की खुराक दी जा चुकी है और अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रमाण यह दिखाता है कि बचपन में लगने वाले किसी भी अन्य टीके से प्रतिक्रिया में कोई वृद्धि नहीं हुई है। संभावित प्रतिक्रियाओं की सूची के लिए, सामान्य प्रतिक्रिया अनुभाग देखें।

**जिन लोगों को कम उम्र में टीका लगा था उनकी प्रतिरोधक क्षमता अधिक मज़बूत हो जाती है**

टीके की सुरक्षा पर अधिक जानकारी के लिए, www.health.govt.nz/hpv, www.immune.org.nz पर जाएँ या www.medsafe.govt.nz/consumers/cmi/g/gardasil9.pdf पर प्रकाशित उपभोक्ता चिकित्सकीय जानकारी देखें।

## किन्हें टीका नहीं लगवाना चाहिए?

ऐसे बहुत ही कम बच्चे हैं जिन्हें टीका नहीं लगवाना चाहिए। यदि आपके बच्चे को पूर्व में किसी टीके से गंभीर प्रतिक्रिया हो गई थी, तो आपको सहमतिपत्र पर हस्ताक्षर करने से पहले अपने डॉक्टर, विशेषज्ञ या नर्स से बात करनी चाहिए।

ऐसे बच्चे जिन्हें दमा यानि अस्थमा, एलर्जी हो या जो आम सर्दी-ज़ुकाम जैसी किसी बीमारी से ठीक हो रहे हैं, उनका टीकाकरण किया जा सकता है।

## यदि टीका लगवा लिया जाए, तो भी क्या लड़कियों को बड़े होने पर सरवाइकल की जाँच करवाने की आवश्यकता होगी?

हाँ। HPV टीकाकरण के बाद भी नियमित सरवाइकल जाँच की आवश्यकता होती है। टीके से अधिकांश कैंसर पैदा करने वाले HPV प्रकारों से सुरक्षा मिलती है, इसलिए लोग अभी भी किसी ऐसे अन्य HPV प्रकार से संक्रमित हो सकते हैं, जो टीके में शामिल नहीं है। सरवाइकल जाँच प्रोग्राम के बारे में अधिक जानकारी के लिए www.nsu.govt.nz पर नेशनल स्क्रीनिंग यूनिट की वेबसाइट देखें।

## टीकाकरण किस प्रकार किया जाता है?

HPV टीका का इंजेक्शन बाजू के ऊपरी हिस्से में लगाया जाता है। 14 वर्ष या उससे कम उम्र के लोगों को दो इंजेक्शन लगाया जाना चाहिए। दूसरा इंजेक्शन पहले इंजेक्शन के कम-से-कम 6 महीने के बाद लगाया जाता है। अन्य लोगों को तीन इंजेक्शन लगाया जाना चाहिए।

## सामान्य प्रतिक्रियाएँ

अन्य सभी टीकों की तरह, आपके बच्चे की बाजू में दर्द हो सकता है तथा इंजेक्शन वाली जगह पर लालपन, दर्द या सूजन आ सकती है। आम तौर पर एक या दो दिन के भीतर हो सकने वाली अन्य प्रतिक्रियाओं में निम्नलिखित शामिल होती हैं:

- सिर-दर्द
- बुखार (गरम महसूस करना)
- उबकाई (जी मितलाना)
- बेहोशी, चक्कर आना (सिर चकराना या सिर में हल्कापन महसूस करना)। प्रतिरक्षण से पहले अच्छा नाश्ता या दोपहर का भोजन कर लेने से बेहोशी या चक्कर आने से बचा जा सकता है।
- सामान्य पीड़ा महसूस करना (बीमार महसूस करना, पीड़ा तथा दर्द)।

एनाफ़िलेक्सिस एक गंभीर एलर्जी संबंधी प्रतिक्रिया है जो किसी भी टीके से हो सकती है। यह बहुत ही असाधारण केसों में हाता है, दिए गए प्रत्येक दस लाख टीकों में से कम से कम तीन लोगों को और आमतौर पर टीका दिए जाने के कुछ मिनट में हो जाता है। प्रत्येक टीकाकरण नर्स प्रशिक्षित होने के साथ-साथ ऐसा प्रतिक्रिया का सामना करने में सक्षम होती है। नर्स आपके बच्चे पर प्रत्येक टीकाकरण के बाद 20 मिनट तक निगाह रखेगी। किसी भी टीकाकरण के बाद यह एक आम प्रथा है।

नर्स आपके बच्चे को यह सलाह भी देगी कि टीका लगाए जाने के बाद क्या किया जाना चाहिए।

## स्कूल में टीकाकरण करवाने के अलावा और क्या विकल्प उपलब्ध हैं?

HPV टीकाकरण पारिवारिक डॉक्टर और स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों में भी उपलब्ध है। यदि आपका मन इस बात को लेकर बदल जाता है कि आपके बच्चे को स्कूल में HPV टीका लगाया जाना चाहिए या नहीं (कोई भी टीका दिए जाने से पहले या बाद में), तो सीधे पब्लिक हैल्थ नर्स से संपर्क करें — उनके संपर्क की जानकारी इस फ़ॉर्म के जानकारी अनुभाग के अंतिम पृष्ठ पर दी गई है।

टीकाकरण में विलंब का मतलब है कि आपके बच्चे को सुरक्षित रहने के लिए अधिक इंजेक्शन लगाने पड़ेंगे, क्योंकि 15 या उससे अधिक वर्ष के लोगों को तीन इंजेक्शन लगाने की आवश्यकता होती है।

## मुझे अधिक जानकारी कहाँ से मिल सकती है?

- **पब्लिक हैल्थ नर्स या अपने डॉक्टर अथवा प्रैक्टिस नर्स से बात करें**
- **www.health.govt.nz/hpv** पर जाएँ
- www.medsafe.govt.nz/consumers/cmi/g/gardasil9.pdf में प्रकाशित उपभोक्ता चिकित्सकीय जानकारी देखें
- **0800 IMMUNE (0800 466 863)** फ्रीफोन पर फोन करें

इस अभिभावकीय सहमतिपत्र को भरने के लिए अगर आपको अधिक जानकारी चाहिए या इस जानकारी को यदि आप किसी अन्य भाषा में प्राप्त करना चाहते हैं तो पब्लिक हैल्थ नर्स से सीधा संपर्क करें।

# ग्राहक औषधि (कन्ज़्यूमर मेडिसिन) जानकारी सारांश

- Gardasil® 9 एक ऐसा टीका है जो ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) के 6, 11, 16, 18, 31, 33, 45, 52 तथा 58 प्रकार से पैदा होने वाली निम्नलिखित बीमारियों से बचाव करता है: ग्रीवा, योनिमुखीय, योनि और गुदा संबंधी कैंसर, असामान्य और कैंसर पूर्व गर्भाशय ग्रीवा, योनिमुखीय, योनि, जननांग और गुदा घावों, जननांग मस्सा, HPV संक्रमण और अन्य HPV कैंसर।
- प्रत्येक 0.5 mL खुराक में 30 माइक्रोग्राम (mcg), HPV 6 L1 प्रोटीन, 40 mcg HPV 11 L1 प्रोटीन, 60 mcg HPV 16 L1 प्रोटीन, 40 mcg HPV 18 L1 प्रोटीन, 20 mcg HPV 31 L1 प्रोटीन, 20 mcg HPV 33 L1 प्रोटीन, 20 mcg HPV 45 L1 प्रोटीन, 20 mcg HPV 52 L1प्रोटीन और 20 mcg HPV 58 L1प्रोटीन।
- प्रत्येक 0.5 mL खुराक में स्टेराइल पानी और थोड़ी मात्रा में aluminium, नमक (sodium chloride), L-histidine, polysorbate 80 और sodium borate होता है। ये घटक या अवयव आम तौर पर अन्य कई दवाइयों तथा टीकों में प्रयोग किए जाते हैं।
- इस टीके में परिरक्षी तत्वों (प्रीज़रवेटिव्स), एन्टीबायोटिक्स या किसी मानविक (ह्यूमन) या पशु-सम्बन्धी पदार्थ को शामिल नहीं किया गया है।
- इस टीके का निर्माण खमीर संवर्धन (यीस्ट कल्चर) के प्रयोग से किया गया है तथा इसमें खमीर की थोडी मात्रा (Saccharomyces) उपस्थित हो सकती है।
- आपके बच्चे को अगर Gardasil® 9 या इसके किसी भी पदार्थ से एलर्जी हो तो उसे यह टीका नहीं लगवाना चाहिए।
- गर्भावस्था में Gardasil® 9 की सुरक्षा अज्ञात है। प्रकाशित डेटा को उन गर्भवती महिलाओं में कोई सुरक्षा संबंधी चिंताएँ नहीं मिली है जिन्हें अनजाने में टीका लगा दिया गया था।
- अगर आपका बच्चा निम्नलिखित में से किसी हालात से ग्रस्त है, तो टीकाकरण के लिए अनुमति देने से पहले कृपया पब्लिक हैल्थ नर्स, अपने डॉक्टर या प्रैक्टिस नर्स से टीकाकरण के बारे में बातचीत करें: किसी प्रकार की रक्त या रक्तस्त्राव की बीमारी, उदाहरण के तौर पर आनुवंशिक दोष के कारण कमज़ोर हुआ प्रतिरक्षी तंत्र (ह्यूमन सिस्टम) या ह्युमन इम्युनोडेफ़िसिएंसी वायरस (HIV) संक्रमण।
- सामान्य प्रतिक्रियाएँ पीछे सूचीबद्ध हैं। अन्य प्रतिक्रियाएँ कभी-कभी ही होती हैं। रिपोर्ट की गई विपरीत घटनाएँ पूर्ण ग्राहक औषधि जानकारी में सूचीबद्ध हैं और डेटा शीट Medsafe वेबसाइट से उपलब्ध है।
- Gardasil® 9 लेने के बाद अगर आपके बच्चे को कोई असामान्य या गंभीर लक्षण दिखाई देते हैं, तो कृपया अपने डॉक्टर या स्वास्थ्य सेवा प्रदाता (हैल्थकेयर प्रोवाइडर) से तुरन्त संपर्क करें। स्वास्थ्य सेवा कर्मियों को टीकाकरण के बाद हुई प्रतिक्रियाओं की रिपोर्ट प्रतिकूल प्रतिक्रियाएँ मॉनिटरिंग केंद्र (CARM) को करनी चाहिए। आप सीधे CARM वेबसाइट (www.otago.ac.nz/carm) के माध्यम से उनकी रिपोर्ट कर सकते हैं।

Medsafe पर अतिरिक्त जानकारी उपलब्ध है:
www.medsafe.govt.nz/consumers/cmi/g/gardasil9.pdf

# ग्राहक अधिकार

स्वास्थ्य एवं विकलांगता सेवा ग्राहकों के अधिकारों की संहिता (कोड ऑफ हैल्थ एन्ड डिसेबिलिटी सर्विसिज़ कन्ज़्यूमर्स राईट्स) न्यूज़ीलैंड में सारी स्वास्थ्य एवं विकलांगता सेवाओं पर लागू होती है। अधिक जानकारी के लिए www.hdc.org.nz वेबसाइट पर जाएं या 0800 555 050 नम्बर पर फोन करें।

# गोपनीयता

संभव है कि स्कूलों ने छात्रों के नाम, कमरों के नम्बर, जन्म-तिथियों, उनके पतों तथा जातीयता के बारे में कुछ जानकारी प्रदान की हो। ऐसा करने से पहले जरूरी है कि स्कूल आपको सूचित करें। इस जानकारी के साथ-साथ अभिभावकीय सहमतिपत्र में आपके द्वारा दी गई जानकारी का प्रयोग इस टीकाकरण कार्यक्रम का संचालन करने के लिए किया जाएगा।

इस सहमतिपत्र से जानकारी तथा प्रत्येक टीका लगवाने या उसे अस्वीकार किए जाने के ब्यौरे को आपके डिस्ट्रिक्ट हैल्थ बोर्ड द्वारा रिकॉर्ड किया जाएगा तथा इसमें से कुछ को नेशनल इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर के पास भेज दिया जाएगा।

नेशनल इम्युनाइज़ेशन रजिस्टर राष्ट्रीय डेटाबेस है, जो स्वास्थ्य मंत्रालय के पास होता है, जिसमें न्यूज़ीलैंड में दिए गए टीकों के रिकॉर्ड होते हैं।

यह जानकारी स्वास्थ्य जानकारी गोपनीयता कोड द्वारा सुरक्षित होती है। केवल अधिकृत स्वास्थ्य व्यावसायिक ही इसे देख पायेंगे, इसका प्रयोग कर पायेंगे या उसमें परिवर्तन ला पायेंगे। हालाँकि, आप अपने बच्चे की जानकारी देखे सकते हैं और किसी भी जानकारी को ठीक कर सकते हैं; यदि आप ऐसा करना चाहते हैं, तो अपनी पब्लिक हैल्थ नर्स, डॉक्टर या स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

पब्लिक हैल्थ नर्स इस जानकारी का उपयोग करेंगी:

- आपके डॉक्टर या हैल्थ सैंटर से यह जाँच करने के लिए संपर्क करेंगी कि आपके बच्चे को पहले से ही कौन सा टीका लगाया जा चुका है
- अगर आपके बच्चे को कोई स्वास्थ्य सम्बन्धी चिंता है
- स्कूल को यह सूचित करने के लिए कि आपके बच्चे को टीका लग चुका है या नहीं
- इस टीकाकरण कार्यक्रम का मूल्यांकन करने तथा भावी कार्यक्रमों की योजना बनाने के लिए, या
- अगर स्कूल में उसका टीकाकरण छूट गया हो तो आपके बच्चे को आपके फैमिली डॉक्टर या प्रैक्टिस नर्स के पास टीकाकरण हेतु रिफर करने (भेजने) के लिए।

नेशनल स्क्रीनिंग यूनिट इस जानकारी का उपयोग कैंसर को कम करने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए करेगी।

वैयक्तिक रूप से किसी की पहचान न की जा सकने वाली जानकारी को शोध (रिसर्च) के उद्देश्य से या नई सेवाओं की योजना बनाने के लिए किया जा सकता है।

स्कूल उपस्थिति की साझेदारी (स्कूल रोल शेयरिंग), गोपनीयता तथा जानकारी के प्रयोग के बारे में अधिक जानकारी के लिए अपने डिस्ट्रिक्ट हैल्थ बोर्ड की गोपनीयता नीतियों को देखें। अगर गोपनीयता के बारे में आप कोई प्रश्न पूछना चाहते हैं, तो आप enquiries@privacy.org.nz पते पर ईमेल कर सकते हैं या प्राइवेसी कमिश्नर की नि:शुल्क हैल्पलाईन से 0800 803 909 नम्बर पर संपर्क कर सकते हैं।

**पब्लिक हैल्थ नर्स से सम्पर्क का ब्यौरा:**

immunise
their best protection

MINISTRY OF HEALTH MANATŪ HAUORA
health promotion agency
New Zealand Government

This resource can be viewed at www.healthed.govt.nz. Revised December 2016. Code: **HE2056**.